कार्यालय प्राचार्य,माता जीजाबाई
शासकीय स्नातकोत्तर (अग्रणी) कन्या महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.)
मोती तबेला, इन्दौर (म.प्र.) 452007
E-mail : ggpgcind@gmail.com, heggpgcmtind@mp.gov.in

क्र. 1659/स्था./2024 — इन्दौर, दिनांक 27.08.2024

—::विज्ञापन::—

//दिव्यांगजनों हेतु विशेष भर्ती अभियान//

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग तथा सामान्य प्रशासन विभाग के दिशा–निर्देशों के अनुसार उच्च शिक्षा विभाग अंतर्गत जिले इन्दौर में निम्नानुसार दिव्यांगजनों के रिक्त पदों हेतु विशेष भर्ती अभियान कि तहत निर्धारित योग्यता एवं अर्हता रखने वाले अभ्यर्थियों के लिए दिनांक 05.09.2024 तक आवेदन आमंत्रित किये जाते है।

क्र.	पदनाम/वेतनमान	पद श्रेणी	शैक्षणिक योग्यता	"लोकोमीटर डिसेबिलिटी जिसमें सम्मिलित हैं, सेरेब्रल पाल्सी, कुष्ठ रोग मक्त, बौनापन, एसिड अटैक, मस्कुलर डिस्ट्राफी (LD)"	"बहरे और कम सुनने वाले (EH)"	"दृष्टिबाधित एवं कम दृष्टि (VH)"	"आटिज्म, बौद्धिक दिव्यांगता, स्पेसिफिक लर्निंग डिसेबिलिटी, मानसिक बीमारी और बहुविकलांगता (MD)"
1	प्रयोगशाला परिचारक (18000–56900)	चतुर्थ श्रेणी	10वीं कक्षा उत्तीर्ण	0	1	0	0
2	स्वीपर (15500–49000)	चतुर्थ श्रेणी	8वीं कक्षा उत्तीर्ण/ सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी नियमानुसार	0	1	0	0
3	अन्य चतुर्थ श्रेणी (15500–49000)	चतुर्थ श्रेणी	8वीं कक्षा उत्तीर्ण	0	0	1	2

उक्त विज्ञापन के आवश्यक नियम एवं निर्देश तथा आवेदन का प्रारुप महाविद्यालय की वेबसाइट https://ggpgc.co.in पर उपलब्ध है।

नोट : 1. प्राप्त आवेदन पत्रों पर वॉक–इन–इंटरव्यू साक्षात्कार दिनांक 07.09.2024 को प्रातः 10:00 बजे महाविद्यालय में आयोजित किया गया हैं।

2. अभ्यर्थी अपने मूल दस्तावेज के साथ अनिवार्य रुप से 07.09.2024 को साक्षात्कार हेतु समय से 01 घण्टा पूर्व इस महाविद्यालय में उपस्थित होवे।

m.b 27/8/24

27/8/24
प्राचार्य
माता जीजाबाई शासकीय स्नातकोत्तर
कन्या महाविद्यालय इन्दौर

प्राचार्य
माता जीजाबाई शासकीय स्नातकोत्तर कन्या
महाविद्यालय, मोती तबेला, इन्दौर (म.प्र.)

आवश्यक नियम एवं निर्देश :-

1. आवेदक का मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है।
2. समस्त प्रमाण पत्र की स्वंय सत्यापित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. आवेदक की आयु न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 45 वर्ष निर्धारित है ।
4. आवेदक का म.प्र. में किसी भी रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है।
5. विभाग में कार्यरत आवेदक कर्मचारी नियोजक के माध्यम से आवेदन कर सकते है।
6. साक्षात्कार के समय सभी प्रमाण-पत्रों की मूल प्रतियां दिखाना अनिवार्य है।
7. संबंधित जिले के शासकीय जिला चिकित्सालय में मेडिकल बोर्ड के द्वारा जारी किया गया ही मान्य होगा, ऐसे दिव्यांग जिनकी दिव्यांगता 40 प्रतिशत से कम है वे अपात्र मान्य किये जावेंगे तथा साथ ही यू.डी.आई.डी. से जारी दिव्यांगता डिजिटल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा ।
8. कोई भी उम्मीदवार जिसने विवाह के लिये निर्धारित की गई न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, इस पद पर नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा।
9. जिस आवेदक को 02 से अधिक संतान है उनमें से एक का जन्म यदि 26 जनवरी 2001 को या उससे पश्चात हुआ हो तब ऐसा आवेदक नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा।
10. साक्षात्कार से पूर्व संबंधित पद की समस्त अर्हता/योग्यता आवेदक के पास होना आवश्यक है।
11. नियुक्ति से संबंधित सभी अधिकार आयुक्त, उच्च शिक्षा भोपाल के पास सुरक्षित होगें।
12. सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन क्रमांक दिनांक 17/07/2014 के अनुसार नि:शक्तजनों की नियुक्ति के पश्चात् एवं उनके कार्यभार ग्रहण करने के पूर्व जिला मेडिकल बोर्ड से नि:शक्तता प्रमाण पत्र का परिक्षण कराया जाये ।
13. सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन दिनांक 13.10.2015 के अनुसार मूक बधिर श्रेणी के नि:शक्तजनों की शासकीय भर्ती से पूर्व मेडिकल बोर्ड में बैरा टेस्ट (Bera Test) कराना अनिवार्य है।
14. मध्यप्रदेश सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय के पत्र दिनांक 31.05.2024 की कंडिका 2.4 के अनुसार दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित रिक्त पदों की पूर्ति वॉक-इन-इंटरव्यू के माध्यम से की जाये, यह स्पष्ट किया गया है कि वॉक-इन-इंटरव्यू से आशय साक्षात्कार के लिए पृथक से अंक दिये जाने की आवश्यकता नहीं है । उच्च शिक्षा विभाग के रिक्त पदों के लिए नियमों में उल्लेखित आवश्यक शैक्षणिक एवं अन्य अर्हता के आधार पर मैरिट सूची बनायी जाकर पद पूर्ति की जायें।
15. इस विशेष भर्ती अभियान में सामान्य प्रशासन विभाग एवं मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के समय-समय पर जारी नियम एवं निर्देश लागू किये जावेंगे।
16. विज्ञापित पदों की संख्या कम या अधिक की जा सकती है।
17. नियुक्ति संबंधी सर्वाधिकार आयुक्त उच्च शिक्षा म.प्र. शासन भोपाल के पास सुरक्षित रहेंगे।

कार्यालय प्राचार्य,माता जीजाबाई
शासकीय स्नातकोत्तर (अग्रणी) कन्या महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.)
मोती तबेला, इन्दौर (म.प्र.) 452007
E-mail : ggpgcind@gmail.com, heggpgcmtind@mp.gov.in

दिनांक 30.08.2024

::–सूचना–::

//दिव्यांगजनों हेतु विशेष भर्ती अभियान//

दिव्यांगजन हेतु वॉक इन इंटरव्यू (विशेष भर्ती अभियान) के विज्ञापन में अंकित साक्षात्कार दिनांक 07.09.2024 को समय प्रातः 10:00 बजे के स्थान पर संशोधन उपरांत दिनांक 12.09.2024 को समय प्रातः 10:00 बजे की जाती है। अतः अभ्यर्थी दिनांक 12.09.2024 निर्धारित समय पर इस महाविद्यालय में उपस्थित रहे।

नोट : आवेदन की अंतिम तिथि पूर्वानुसार दिनांक 05.09.2024 रहेगी केवल साक्षात्कार की दिनांक 12.09.2024 की गई है।

30/8/24

प्राचार्य
माता जीजाबाई शासकीय स्नातकोत्तर (अग्रणी)
कन्या महाविद्यालय, इन्दौर

30/8/24